Seventeenth Loksabha

an>

Title : Need to set up an AIIMS in Baroda, Gujarat -laid.

श्री मनसुखभाई धनजीभाई वसावा (भरूच): देश में प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना का उद्देश्य सामान्य रूप से देश के विभिन्न हिस्सों में स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाओं की उपलब्धता में असंतुलन को ठीक करना है और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाओं में वृद्धि करना है तथा नए एम्स की स्थापना में अस्पताल, ट्रॉमा सेंटर सुविधाओं, मेडिकल कॉलेज, आवासीय परिसरों तथा संबद्ध सुविधाओं सहित नई दिल्ली के एम्स के पैटर्न पर निर्माण करना है जिससे वहां के आसपास के लोगों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सके । गुजरात के मेरे संसदीय क्षेत्र भरूच के निकट स्थित बड़ौदा शहर एम्स (AIIMS) जैसे चिकित्सा संस्थान की स्थापना के लिए एक उपयुक्त स्थान है । यहां पर उत्तर तथा दक्षिण गुजरात के लोगों के साथ ही महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के लोग भी इलाज के लिए आते हैं, परंतु उपयुक्त चिकित्सा सेवाओं के अभाव में लोगों को काफी कठिनाई होती है । इस परिप्रेक्ष्य में सरकार से मेरा आग्रह है कि बड़ौदा में एम्स की स्थापना हेतु तत्काल मंजूरी प्रदान की जाए ।